an>

Title: Need to release funds for medical college in Churu, Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : अध्यक्ष महोदया, मैं शून्यकाल में अपने क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उठाना चाहता हूं। पिछले वर्ष 2 जुलाई, 2014 को भारत सरकार ने राजस्थान के अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, चुरू व डूंगरपुर व 27 जुलाई, 2014 को भीलवाड़ा और पाली में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए राजस्थान सरकार के साथ अनुबंध किया था जिसके बाद राजस्थान सरकार की ओर से चुरू व डूंगरपुर का डीपीआर भी बनाकर भारत सरकार को भिजवाया गया है। राजस्थान सरकार ने अपने स्तर पर होने वाले सभी कार्य पूर्ण कर दिए हैं तथा चुरू मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि का आवंटन भी कर चुकी है। भारत सरकार ने प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के लिए 189 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की है जो बहुत ही कम है। राजस्थान सरकार ने इसकी लागत 263.4 करोड़ रुपये निर्धारित की है। भारत सरकार द्वारा अपना अंशदान जारी नहीं किया गया है।

महोदया, चुरू वैसे ही बहुत ज्यादा पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। खेती, रोजगार और उद्योगों की पहले से ही कमी है, ऊपर से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बहुत हैं। मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित होगा। इसलिए मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि मेडिकल कॉलेज की लागत 189 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 263.4 करोड़ रुपये प्रति कॉलेज निर्धारित करते हुए चुरू के लिए अंशदान शीघ्र ही जारी किया जाए।